# बंबई बाजार की तीन मंजिला इमारत में लगी भीषण आग

- इमारत में फंसे 10 लोगों को दमकल और पुलिस ने सुरक्षित निकाला



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** बंबई बाजार इलाके में शुक्रवार सुबह तीन मंजिला इमारत में लगी भीषण आग से अफरा-तफरी मच गई. तल मंजिल पर स्थित कपड़े की दुकान में लगी आग का धुआं पूरी बिल्डिंग में फैल गया, जिससे अंदर फंसे लोगों की जान खतरे में पड़ गई. यहां पर धुंए में फंसे दस लोगों को दमकल और पुलिस की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल आग पर काबू पाया.

सुबह करीब 6 बजे पिंजारा बाखल स्थित फजलू रहमान के मकान में आग लगने की सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही मोती तबेला फायर स्टेशन से एसआई संतोष दुबे की टीम दो दमकलों के साथ मौके पर पहुंची. आग तल मंजिल पर संचालित अनवर पिता शब्बीर खान की कपड़े सिलाई की दुकान में लगी थी, जहां से उठता काला धुआं ऊपरी मंजिलों तक फैल गया.

धुएं के कारण इमारत में रह रहे करीब 10 लोग फंस गए थे, जो ऊपरी मंजिल पर मौजूद करीब 8 लोग जान बचाने के लिए छत पर पहुंच गए,

## घर में लगी आग से 45 वर्षीय व्यक्ति की जलकर मौत

इंदौर. शहर के बाणगंगा थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक मकान में आग लगने से 45 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई. घटना के वक्त घर में वह अकेला था. आग लगने के कारणों को लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है, पुलिस जांच में जुटी है. बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि क्षेत्र के रेवती रेंज इलाके में शुक्रवार तड़के एक घर से अचानक धुआं उठता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे. लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक घर के अंदर मौजूद व्यक्ति की जान जा चुकी थी. मृतक का शव घर के भीतर जली हुई अवस्था में मिला. मृतक की पहचान 45 वर्षीय राकेश शर्मा के रूप में हुई है, जो शुक्ला ब्रदर्स पेट्रोल पंप में कर्मचारी था. सूचना मिलते ही बाणगंगा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. परिजनों ने पुलिस को बताया कि राकेश गुरुवार रात अस्पताल से घर लौटे थे. उसी रात उनके बड़े बेटे का एक्टिवा से एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें उसके पैर में फ्रैक्चर आया था. राकेश देर रात तक अस्पताल में बेटे के पास रहे और इसके बाद घर पहुंचे थे. घायल बेटा अस्पताल में भर्ती है, जहां उसकी पत्नी और दो बच्चे मौजूद हैं. परिवार का एक अन्य बेटा दादा के घर पर था. थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल से गैस सिलेंडर की नली जली हुई अवस्था में मिली है. आशंका जताई जा रही है कि सुबह चाय बनाने के दौरान गैस चालू करते समय आग भड़क गई होगी, हालांकि आग लगने के सही कारणों की पुष्टि जांच रिपोर्ट और पोस्टमार्टम के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा.

# अवैध अस्पतालों पर सख्त हुआ हाईकोर्ट, रिपोर्ट नहीं देने पर जताई नाराजगी

- स्वास्थ्य विभाग को समय सीमा में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के मामले में हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है. जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान जांच रिपोर्ट पेश नहीं किए जाने पर कोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग पर नाराजगी जताते हुए तय समय सीमा में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं.**

शहर में चल रहे अवैध अस्पतालों को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई. इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच रिपोर्ट



पेश नहीं किए जाने पर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की और 16 फरवरी तक रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए. साथ ही नगर निगम को भी अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है. मामले की सुनवाई जस्टिस विजयकुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की खंडपीठ में हुई. सुनवाई के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कोर्ट को बताया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा तैयार की गई जांच रिपोर्ट से वे संतुष्ट नहीं हैं, इसी वजह से उसे कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किया. कोर्ट को बताया गया कि अवैध अस्पतालों की जांच के लिए आठ सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी. कमेटी में डॉक्टरों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को शामिल किया था. हालांकि, कमेटी की रिपोर्ट को लेकर असंतोष जताते हुए सीएमएचओ ने कहा कि संबंधित सदस्यों को शोकॉज नोटिस जारी किए जा रहे हैं. सीएमएचओ द्वारा समय मांगे जाने पर कोर्ट ने निर्देश दिए कि वे स्वयं पूरे मामले की जांच करें और दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट पेश करें.

### नगर निगम को भी अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा

इसके साथ ही नगर निगम को भी इस मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा है. सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि पूर्व में दिए गए आदेशों के बावजूद जांच में जानबूझकर देरी की जा रही है. याचिका में आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य विभाग ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर कई अस्पताल संचालकों को संचालन की अनुमति दी, जिसके चलते शहर में बड़ी संख्या में अवैध अस्पताल संचालित हो रहे हैं. हाईकोर्ट के सख्त रुख के बाद अब इस मामले में स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की भूमिका पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं.

## होटल के कमरे में नागपुर के युवक ने लगाई फांसी

**इंदौर.** छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र की एक होटल में ठहरे महाराष्ट्र के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, युवक कंपनी के काम से इंदौर आया था.

थाना प्रभारी संजू कामले ने बताया कि मृतक शुभम अरुण उम्र 26 साल निवासी नागपुर दो दिन पहले इंदौर आया था. गुरुवार रात होटल कर्मचारी बिल लेने कमरे पर पहुंचा, लेकिन दरवाजा नहीं खुला. खिड़की से झांकने पर युवक का शव फंदे पर लटका दिखा. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव नीचे उतारा. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मोबाइल अनलॉक कर परिजनों को सूचना दी गई, जो नागपुर से इंदौर रवाना हो गए हैं. मामले में जांच जारी है.

# लड़की के परिजनों-रिश्तेदारों को सिविल इंजीनियर ने भेजे अश्लील फोटो

- शादी का प्रस्ताव ठुकराया तो की घिनौनी हरकत
- क्राइम पेट्रोल देखकर सीखा वारदात का तरीका
- 7 महीने बाद आया पुलिस की गिरफ्त में आरोपी



नव भारत न्यूज

**इंदौर. क्राइम ब्रांच इंदौर ने महिला की सामाजिक छवि धूमिल करने और मानसिक प्रताड़ना देने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी ने फोटो मॉर्फ कर न्यूड पोस्टर और गंदे पत्र रिश्तेदारों व मोहल्ले में भिजवाए थे.**

एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि कि क्राइम ब्रांच की कार्रवाई में वैशाली नगर निवासी आयुष अग्निहोत्री को गिरफ्तार किया है. आरोपी इंजीनियर है और डाटा एनालिस्ट के रूप में काम करता है. जांच में सामने आया कि आरोपी ने जीवनसाथी व शादी डॉट कॉम मेट्रिमोनियल साइट के जरिए फरियादिया की बहन से संपर्क किया था. शादी की बातचीत कुंडली न मिलने के कारण टूट गई, जिसके बाद आरोपी ने बदला लेने की नीयत से यह हरकतें शुरू कीं. आरोपी ने फरियादिया और उसकी बहनों की तस्वीरें मॉर्फ कर न्यूड फोटो बनाए और उन्हें पोस्टर के रूप में मोहल्ले और रिश्तेदारों के घरों के आसपास चिपकाया.

### अलग-अलग शहरों से डाक द्वारा भेज रहा था अश्लील पत्र

इसके साथ ही उज्जैन, देवास, खातेगांव, आष्टा और धार के डाकघरों से धमकी भरे पत्र भेजे. आरोपी ने जुलाई 2025 से जनवरी 2026 के बीच करीब सात बार इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया. पहचान छुपाने के लिए वह मास्क और टोपी लगाकर दो-तीन बसें बदलकर अलग-अलग डाकघरों तक जाता था. मामले में जुलाई 2025 में थाना बाणगंगा में अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी. तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया, पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल किया.

## एक नजर में

### सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**इंदौर.** एरोड्रम थाना क्षेत्र के कैदारनगर में देर रात सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर जेवरात और नगदी चोरी कर ले गया. फरियादी राजनारायण राजपूत निवासी कैदारनगर इंदौर ने शिकायत दर्ज कराई कि देर रात करीब 2 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके मकान का ताला तोड़कर घर में घुसपैठ की. चोर सोने-चांदी के जेवरात, नगद रुपये और बैंक लॉकर की चाबी चोरी कर ले गया. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सेनेटरी पैड्स बांटे



**महू.** स्वच्छता के जनक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर अंकित बागड़ी की संस्था अनिवार्य द्वारा स्वच्छता एवं सम्मान के प्रतीक सैनेटरी पैड्स का वितरण किया गया. इस अवसर पर मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता और सुरक्षा की जागरूकता के लिए ग्राम सातेर में व्याख्यान भी आयोजित किया गया. संस्था अनिवार्य की पायल परदेशी द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत साबरमती के संत, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन कर की गई. उन्होंने कहा कि अंकित बागड़ी द्वारा शुरू की गई संस्था अनिवार्य उस बदलाव की दिशा में एक कदम है, एक ऐसा बदलाव जो हमारी युवा लड़कियों व महिलाओं को सशक्त बनाता है. ललित बोरासी ने बताया कि संस्था अनिवार्य ने पिछले पांच वर्षों में समूचे भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद महिलाओं/बालिकाओं को सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने के लिए अथक प्रयास किए हैं. इन प्रयासों ने लाखों अनगिनत महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, उनके स्वास्थ्य, कल्याण और गरिमा में सुधार हुआ है. कार्यक्रम में सौरभ मिश्रा, रितिका चतुर्वेदी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे.

### वर्मा तीसरी बार बने हिमाचल प्रदेश चुनाव प्रभारी



**महू.** हिमाचल में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जनता कांग्रेस महासचिव अमित वर्मा को कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है. वर्मा इसके पूर्व भी 2017 एवं 2022 के हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों में पार्टी की चुनावी कमान संभाल चुके हैं. वर्मा ने बताया कि वे शिमला, लाहौल स्फीति, चंबा, मंडी, सोलन आदि सभी विधानसभा सीटों पर वहां के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ काम शुरू करते हुए पार्टी को प्रदेश की सभी सीटों पर मजबूती देने की कोशिश करेंगे. वर्मा की नियुक्ति पर हिमाचल जनता कांग्रेस के दलीप सिंह ठाकुर, रविंद्र नाथ, प्रेम कश्यप, सोहन सिंह ठाकुर, दीपाली सिंह, अनुराधा शर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है.

### सड़क सुरक्षा माह के तहत नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया



**महू.** सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर अग्रसेन चौराहा, ड्रीमलैंड क्षेत्र में एक नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क पर वाहन चलाने वाले नागरिकों की दृष्टि जांच कर उन्हें सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना रहा. शिविर में सिविल अस्पताल महू की नेत्र विशेषज्ञ डॉ. रेखा सोनी, विशाल सूलिया, सीएच भार्गव एवं डॉ. हनीफ जफर द्वारा अनेक वाहन चालकों की आंखों की जांच की गई. इस अवसर पर पुलिस विभाग के विनोद यादव, कैलाश बंजारा, सुरेश गहलोत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. पुलिस अधिकारियों ने आमजन को यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय सुरक्षा टोप (हेलमेट) पहनने, चारपहिया वाहन में सुरक्षा पेटी (सीट बेल्ट) लगाने तथा नशे की अवस्था में वाहन न चलाने की सलाह भी दी.

# नई जिला कोर्ट बिल्डिंग में वकीलों के चेंबर पर मंथन तेज

- अभिभाषक संघ से मांगा डिजाइन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. स्कीम नंबर 140 पिपल्याहाना में निर्माणाधीन नई जिला कोर्ट बिल्डिंग में लंबे समय से प्रतीक्षित एडवोकेट्स चेंबर्स के निर्माण की प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने इस संबंध में अभिभाषक संघ से प्रस्तावित प्लान और डिजाइन मांगा है.**

इंदौर में बन रही नई जिला कोर्ट बिल्डिंग में वकीलों के लिए चेंबर निर्माण को लेकर अब ठोस पहल शुरू हो गई है. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा इंदौर अभिभाषक संघ को पत्र भेजकर नई बिल्डिंग में बनाए जाने वाले एडवोकेट्स चेंबर्स के निर्माण, प्रस्तावित प्लान और डिजाइन प्रस्तुत करने को कहा है. इस पत्र के बाद वर्षों से लंबित इस मुद्दे पर अभिभाषक संघ में हलचल तेज हो गई है. अभिभाषक संघ के सचिव कपिल बिरथरे ने बताया कि नई जिला कोर्ट बिल्डिंग में लगभग 30 हजार वर्गफुट क्षेत्र चेंबर निर्माण के लिए सुरक्षित किया है.

इसी स्थान पर वकीलों के चेंबर्स बनाए जाने हैं. इसको लेकर संघ जल्द ही एक बैठक बुलाने जा रहा है, जिसमें चेंबर निर्माण से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी. बैठक में चेंबर्स की संख्या, निर्माण में आने वाली अनुमानित लागत, पार्किंग व्यवस्था, भवन की डिजाइन, कितनी मंजिलें होंगी और निर्माण एजेंसी कौन होगी, जैसे विषयों पर निर्णय लिया जाएगा. प्रारंभिक आकलन के अनुसार 8 से 9 मंजिला चेंबर भवन बनाया जा सकता है,

# दोपहिया वाहन चोर गिरोह का खुलासा, 13 बाइक जब्त

- एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को पकड़ा
- 14 लाख रुपए है जब्त की गई बाइक की कीमत



नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में बढ़ती दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है. तुकोगंज पुलिस ने दो शातिर आरोपियों और उनके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर करीब 14 लाख रुपये की 13 चोरी की मोटर साइकिल जब्त की हैं.**

पुलिस आयुक्त जोन 3 राजेश व्यास ने बताया कि तुकोगंज थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव और उनकी टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए वाहन चोर गिरोह को दबोचा है. थाना क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग की जा रही थी. इसी दौरान बीमा ऑफिस परिसर में एक युवक बुलेट मोटर साइकिल पर संदिग्ध हालत में बैठा मिला. पुलिस ने जब उससे वाहन के कागजात और नंबर प्लेट की जांच की तो नंबर प्लेट फर्जी पाई गई. सख्ती से पूछताछ करने पर युवक ने अपने साथियों के साथ शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से वाहन चोरी करना कबूल किया. चोरी किए गए वाहनों को सुनसान जगहों पर छिपाकर रखा जाता था. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 13 चोरी की मोटर साइकिल बरामद की. पुलिस ने 23 वर्षीय मोहित जीनवाल निवासी पंचम की फेल और 18 वर्षीय प्रशांत मरमट निवासी पंचम की फेल को गिरफ्तार किया है. इनके साथ एक बालक को भी अभिरक्षा में लिया है. आरोपियों के कब्जे से बुलेट, पल्सर, अपाचे, स्प्लेंडर, हीरो होंडा, एक्टिवा सहित 13 दोपहिया वाहन जब्त किए हैं.

### इस तरह करते थे वारदात...

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि गिरोह के सदस्य पहले इलाके में घूमकर दोपहिया वाहनों की रेकी करते थे. मौका मिलते ही वाहन चोरी कर लेते और उन्हें बीमा ऑफिस की पार्किंग, पलासिया मस्जिद के पीछे, राजकुमार ब्रिज के नीचे और निगम मार्केट बल्लभनगर जैसे सुनसान स्थानों पर खड़ा कर देते थे. इसके बाद अलग-अलग समय पर वाहनों को वहां से ले जाते थे, ताकि किसी को शक न हो.

# महिला सिक्युरिटी गार्ड हत्याकांड में तीसरा आरोपी भी गिरफ्त में

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र में सामने आए सनसनीखेज महिला हत्याकांड में पुलिस ने फरार चल रहे तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है. लूट की नीयत से की गई इस हत्या में शामिल तीनों आरोपी अब पुलिस रिमांड पर हैं.

बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि क्षेत्र के गंगाधाम इलाके में हुई महिला की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. घटना के बाद से फरार चल रहे तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी वारदात के बाद शहर छोड़कर भाग गया था. मामले में पहले ही दो आरोपियों, अमित मौर्य और सुमित मौर्य को गिरफ्तार किया जा चुका था. पूछताछ के दौरान दोनों ने अपने एक अन्य साथी के शामिल होने की जानकारी दी थी, जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी. फरार आरोपी की पहचान अमित गड़ेकर निवासी वीणानगर के रूप में हुई, जिसे पुलिस ने दबोच लिया.

### रिमांड लेकर आरोपियों से पुलिस कर रही पूछताछ

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से कुछ नकदी और जेवर बरामद किए हैं, जो उन्होंने महिला के घर से लूटे थे. पूछताछ में तीनों आरोपियों ने कबूल किया है कि उन्होंने पहले महिला की रेकी की थी. वे लूट के इरादे से उसके घर पहुंचे थे, विरोध करने पर महिला की हत्या कर दी. फिलहाल तीनों आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं. पुलिस उनसे पूछताछ कर यह जानने का प्रयास कर रही है कि वारदात में किसी और की भूमिका तो नहीं रही और लूटा गया अन्य सामान कहां छिपाया है.

## नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने फांसी लगाई



**इंदौर.** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में नीट की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय छात्र ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के समय वह कमरे में अकेला था.

भंवरकुंआ थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि 20 वर्षीय मृतक योगेश पिता मुलचंद डावर निवासी बड़वानी, खंडवा नाका क्षेत्र में किराए के कमरे में अपने एक साथी के साथ रहकर नीट की तैयारी कर रहा था, घटना के समय उसका साथी गांव गया हुआ था. कमरे से बदबू आने पर मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची भंवरकुआं पुलिस ने दरवाजा खोलकर देखा तो योगेश फांसी के फंदे पर लटका मिला. आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है.

**एक नजर में** शहर में यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस सख्त, पुलिस ने औसतन हर घंटे 177 चालान काटते हुए लाखों रुपए वसूले

# 10 दिन में बिना हेलमेट वालों के 17 हजार से ज्यादा चालान बनाए

**इंदौर. शहर में यातायात नियमों का पालन कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर सख्ती साफ नजर आ रही है. आंकड़े बताते हैं कि बीते दस दिनों में यातायात पुलिस ने औसतन हर घंटे 177 चालान काटते हुए लाखों की वसूली की है.**

शहर में यातायात पुलिस द्वारा बीते दस दिनों से बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. इस दौरान केवल बिना हेलमेट के ही 17 हजार 661 चालान बनाए गए हैं, जिनसे 52 लाख 98 हजार 300 रुपए का समन शुल्क वसूला है. यातायात पुलिस ने



हर घंटे औसतन 177 चालान बनाकर 52 हजार 983 रुपए की वसूली की है, जबकि प्रति मिनट औसतन तीन चालान बनते रहे. यह अभियान पलासिया क्षेत्र से शुरू किया था, जिसके बाद शहर के चार प्रमुख चौराहों पर विशेष चेकिंग प्वाइंट बनाए. दो शिफ्ट में करीब दस घंटे तक रोजाना चली इस कार्रवाई में प्रतिदिन औसतन दो हजार से अधिक वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की. यातायात पुलिस का कहना है कि यह अभियान सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है और आगे भी सख्ती जारी रहेगी.

**चालान के आंकड़े एक नजर में...** 20 जनवरी को 2331, 21 को 2181, 22 को 2057, 23 को 1441, 24 को 1200, 25 को 949, 26 को 57, 27 को 2022, 28 को 2384 और 29 जनवरी को 3039 चालान बनाए. इन सभी चालानों से 52 लाख 98 हजार 300 रुपए का समन शुल्क वसूला गया.

### ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन में सुस्ती

इधर, ई-रिक्शा को सात सेक्टरों और अलग-अलग रंगों में बांटकर यूनिक नंबर देने की योजना में यातायात पुलिस की रफ्तार धीमी नजर आ रही है. लगातार रजिस्ट्रेशन कैंप और चौराहों पर जिम्मेदारी सौंपे जाने के बावजूद अब तक केवल 3100 ई-रिक्शा चालकों ने ही सेक्टर रजिस्ट्रेशन कराया है, जबकि शहर में ई-रिक्शा की संख्या 13 हजार से अधिक बताई जा रही है. यातायात पुलिस के सामने अब बिना हेलमेट अभियान के साथ-साथ ई-रिक्शा व्यवस्था को पटरी पर लाने की चुनौती भी बनी हुई है.